B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION

SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

NABET

INDIAN PUBLIC SCHOOLS' CONFERENCE

MID-APRIL TEST 2025-26
HINDI (085)

Class : X | Duration : 1 Hrs
Date : 16.04.2025 | Max. Marks : **25**
Admission No.: | Roll No.:

सामान्य निर्देश -

- इस प्रश्नपत्र में तीन खंड हैं - क, ख और ग
- खंड क में अपठित गदयांश से प्रश्न पूछे गए हैं, निर्देशों का पालन करते हुए उत्तर दीजिए।
- खंड ख में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड ग पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।
- प्रश्न पत्र में कुल **5** प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- प्रश्न पत्र में कुल 2 पृष्ठ हैं। सर्वप्रथम जाँच कर लें।
- यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

(खण्ड क अपठित गद्यांश)

प्रश्न **1** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

गंगा या भागीरथी भारतीय संस्कृति की यश पताका है। यह महाराज भगीरथ के पूर्वजों का उद्धार करने के लिए स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरित हुई और 'भागीरथी' कहलाई। उसके वेग को भगवान शिव ने अपने जटाजुट में धारण किया। गंगा जेष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को व्योमविहारिणी से धरती पर पाप विमोचन बनकर उतरी थी । गंगा का अतीत अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है । पिता हिमालय की गोद से निकलकर यह अनेक मैदानों को उर्वर बनाती, कई तीर्थ को महिमा मंडित करती बंगाल की खाड़ी में समाहित हो जाती है। गंगा की प्रशंसा में अनेक रचनाएँ रची गई हैं। इसके किनारे कवियों, ऋषियों और मुनियों ने अपनी साधना के दीप जलाए हैं। गंगा का जल अपवित्रों को पवित्र करता है, मिट्टी को सोना बनता है ,देवताओं की पूजा को पूर्ण करता है और लाखों करोड़ों तृषटो तृषा को शांत करता है। लेकिन यही गंगा अब सिसक रही है, क्योंकि जिनका उद्धार उसने किया है, वे ही उसमें कूड़ा करकट, दूषित जल और शवों को डालकर उसे दूषित कर रहे हैं। जिसके तट कभी मंत्रों की ध्वनि से गूँजते थे, यज्ञों की ज्वाला से पवित्र होते थे, वे ही अब उपेक्षित और निराद्रित हो रहे हैं। शायद ही ईश्वर हमारी इस भूल को क्षमा कर पाएँ ।

(1) गंगा का समापन कहाँ होताहै ? **(अंक 1)**

क हिमालय की गोद में
ख उत्तराखंड में
ग प्रयागराज में
घ बंगाल की खाड़ी में

(2) यह गद्यांश हमें किसका संदेश देता है ? **(अंक 1)**

क गंगा का प्रदूषण दूर करने का
ख भगवान शिव की महिमा मंडित करने का

ग मंत्र उच्चारण करने का

घ देवताओं की आराधना करने का

(3) निम्नलिखित कथन A तथा कारण R को ध्यानपूर्वक पढ़िए ।उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए । **(अंक 1)**

कथन (A) यही गंगा अब सिसक रही है ।

कारण (R) गंगा में कूड़ा करकट एवं शव डालकर उसे दूषित किया जा रहा है।

क कथन A तथा कारण R दोनों गलत है।

ख कथन A गलत है लेकिन कारण R सही है

ग कथन A सही है लेकिन कारण R उसकी गलत व्याख्या करता है

घ कथन A तथा कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R कथन A की सही व्याख्या करता है।

(4) गंगा को किसकी यश पताका कहा गया है ? **(अंक 2)**

(5) गंगा पृथ्वी पर किस लिए अवतरित हुई और क्या कहलाई ? **(अंक 2)**

(खण्ड ख व्यावहारिक व्याकरण भाग)

प्रश्न **2** पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(अंक 4)**

(1) पदबंध किसे कहते हैं ? सोदाहरण बताइए ।

(2) पदबंध के कितने भेद होते हैं ? उनके नाम लिखिए ।

(3) सामने के मकान में रहने वाला लड़का चला गया । संज्ञा पदबंध छाँटकर लिखिए।

(4) लोहे की मजबूत बड़ी अलमारी खोलो। विशेषण पदबंध छाँट कर लिखिए।

(5) वह <u>बहुत धीरे-धीरे</u> उठा । रेखांकित पद का भेद बताइए।

प्रश्न **3** रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण पर आधारित किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(अंक 4)**

(1) रचना के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ? उनके नाम लिखिए।

(2) वह आलसी था इसलिए सफल नहीं हुआ सरल वाक्य में बदलिए।

(3) मुझे देखकर वह खिसक गया । (मिश्र वाक्य में परिवर्तित कीजिए)

(4) मैं मजे से खेलता रहा और दर्जे में भी अव्वल आया रचना की दृष्टि से वाक्य के भेद लिखिए।

(5) मलिक ने कहा कि कल की छुट्टी रहेगी । (रचना की दृष्टि से वाक्य के भेद लिखिए)

प्रश्न **4** समास पर आधारित निम्नलिखित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(अंक 4)**

(1) समास किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए ।

(2) समास के कितने भेद होते हैं ? उनके नाम लिखिए।

(3) घुड़सवार समस्त पद का विग्रह करके भेद लिखिए ।

(4) अध्ययन के लिए सामग्री समस्त पद बनाकर भेद का नाम लिखिए।

(5) कर्मधारय समास का उदाहरण सहित परिचय दीजिए ।

(खण्ड ग पाठ्यपुतक भाग)

प्रश्न **5** निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25** से **30** शब्दों में लिखिए। **(अंक 6)**

(1) कबीर के निंदक को पास रखने वाली विचार से आप कहाँ तक सहमत हैं और क्यों ?

(2) मुराडा हाथ में लेकर कबीर ने अपना ही घर क्यों जलाया ?

(3) कस्तूरी मृग के उदाहरण द्वारा कबीर ने क्या स्पष्ट किया है ?

(4) पोथी पढ़-पढ़ कर भी ज्ञान प्राप्त न होने से कबीर का क्या तात्पर्य है ?

========================== समाप्तम् ==========================